बाइक धोते किशोर गंगनहर में बहा

श्रीगंगानगर, (कासं)। दोपहर को एसएसबी रोड पर पुल के नजदीक एक किशोर गंगनहर में गिर गया। जिसकी तलाश जारी है।

किशोर का नाम देवेन्द्र पुत्र राजकुमार शर्मा है। हनुमानगढ़ के वार्ड 53, सुरेशिया का रहने वाला देवेंद्र श्रीगंगानगर में अपनी बुआ के घर आया था। घटना सुबह करीब 11 बजे की है। सूचना मिलने पर सदर पुलिस और नागरिक सुरक्षा की टीम मौके पर पहुंची। किशोर को तलाश करने के लिए नहर में रस्सियां और जाल डाला गया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद नागरिक सुरक्षा की टीम के साथ पहुंचे गोताखोर तुरंत नहर में उतारे गए। गोताखोरों ने नाथांवाला पुल से लेकर पठानवाला के पास लोहे वाले पुल तक तलाश की लेकिन किशोर का कोई पता नहीं चला।

देर शाम तक तलाश जारी रही और अंधेरा होने पर अभियान रोका गया। मौके पर पहुंचे सदर थाना के हैड कांस्टेबल शरीफ खान ने बताया कि देवेन्द्र की उम्र करीब 17 साल है। देवेन्द्र स्कूल की छुट्टियों में 6 एलएनपी स्थित अपनी बुआ के घर आया हुआ था। सुबह बुआ के लड़के के साथ नहर के किनारे बाइक धो रहा था कि एकाएक पैर फिसल गया। नहर में गिरते ही देवेन्द्र तेज बहाव में फंस गया। देवेन्द्र के साथ मौजूद बुआ के लड़के ने उसे बचाने की कोशिश लेकिन कामयाबी नहीं मिली। वहीं भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार मोकलसर सरपंच गणेशाराम गोदारा को एससीबी मामलों की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। जहां से आरोपी को 6 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

नौतपा में बारिश कमजोर मानसून का संकेत, पारा 40 डिग्री पार

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर सहित पश्चिमी राजस्थान में 24 मई की रात आये तूफान के बाद तापमान में गिरावट आई है। पारा चालीस डिग्री सेल्सियस के पार है लेकिन आम दिनों की तुलना में ज्यादा नहीं है। 25 मई से 2 जून तक नौतपा का ज्यादा असर रहता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान से पश्चिमी राजस्थान के कुछ जिलों में ही नौतपा का असर दिखाई देगा। राजस्थान में आम दिनों जैसी गर्मी होगी। यानी पारा 40 और 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

हर साल 25 मई से शुरू होने वाला नौतपा का पहला दिन ही रेड अलर्ट वाला था लेकिन तूफान के बाद पारा आशंका से कम ही बढ़ा। ज्योतिषीय मान्यता है कि नौतपा के पहले नौ दिन अगर पारा इस तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में राहत ज्यादा मिलेगी और अगर नौतपा में बारिश हुई तो मानसून अच्छा नहीं होगा। अगर गर्मी ज्यादा तेज नहीं पड़ी तो मानसून भी कमजोर रह सकता है।

ज्योतिषीय गणना के मुताबिक इस बार भी नौतपा 25 मई 25 की सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा, 9.31 बजे शुरू होगा और 8 जून 25 प्रातः सात बजकर सत्रह मिनट तक रहेगा। नौतपा वैसे पंद्रह दिन का होता है लेकिन शुरूआती नौ दिन ज्यादा तेज रहता है। इस सवाल पर ज्योतिष और साइंटिस्ट दोनों के अलग-अलग मत हैं। ग्रह-नक्षत्रों के अनुसार दावा किया जा रहा है कि नौतपा आग उगलेगा। वहीं मौसम वैज्ञानिकों का कहना है

> ■ ज्योतिषीय मान्यता है कि नौतपा के पहले नौ दिन अगर पारा इस तरह बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में राहत ज्यादा मिलेगी और अगर नौतपा में बारिश हुई तो मानसून अच्छा नहीं होगा, अगर गर्मी ज्यादा तेज नहीं पड़ी तो मानसून भी कमजोर रह सकता है

कि इस बार भी नौतपा पहले की तरह इतना असर नहीं दिखाएगा। ज्योतिषाचार्य व्यास का मानना है कि नौतपा इस बार शुरू से ही तीव्र रहेगा। 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। पारा 25 मई से बढ़ेगा जो 2 जून तक तापमान का ग्राफ नीचे आने की उम्मीद नहीं है। दो जून के बाद गर्मी कम हो सकती है। क्योंकि नौतपा का असर शुरूआती नौ दिन ज्यादा रहता है। इसके बाद छह दिन पारा कम होने लगता है।

महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी के एनवायरमेंटल साइंस विभाग के हैड अनिल छंगाणी का कहना है कि इस बार नौतपा ज्यादा तपने वाला नहीं है। पिछले दिनों आई आंधी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदला है। पिछले कुछ सालों में क्लाइमेट में बदलाव आया है। ऐसे में आने वाले दिनों में नौतपा वैसा नहीं होने वाला जैसा हमेशा होता है। ये चिंता का विषय है क्योंकि नौतपा नहीं तपता है तो मानसून भी अच्छा नहीं होता।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि जब सूर्य घूमते हुए मध्य भाग के ऊपर आ जाता है और जब ये कर्क रेखा के पास पहुंचता है तो सूर्य की किरण 90 डिग्री पर सीधे पृथ्वी पर पड़ती है। इसी को नौतपा कहते हैं। अगर इस दौरान बारिश होती है तो इसे रोहिणी नक्षत्र का गलना भी कहते हैं। नौतपा का गलना मानसून के लिए सही नहीं है। नौतपा के दिनों में बारिश होती है तो मानसून खराब रहता है।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के एनवायरमेंटल साइंस विभाग के एचओडी अनिल छंगाणी का कहना है कि सूर्य और पृथ्वी दोनों एक दूसरे के सामने आ जाते हैं। सूर्य की किरणें सीधे तौर पर पृथ्वी पर पड़ती है। चांद से आने वाली ठंडक को जगह नहीं मिलती और सूर्य की किरणें धरती को तपा देती है। ये ही नौतपा होता है।

पिछले साल भी राजस्थान में नौतपा का सर्वाधिक असर पश्चिमी राजस्थान में देखने को मिला। जहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था। खासकर जैसलमेर, फलौदी, जोधपुर, बाडमेर, बीकानेर और चूरू में तापमान का ग्राफ बढ़ता चला गया। बाडमेर में जहां 48.2 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंचा। वहीं जैसलमेर में अधिकतम तापमान 48.3 डिग्री सेल्सियस रहा। बीकानेर में तो नौतपा के नौ दिन बाद पारा बढ़ा। जहां 6 जून 24 को अधिकतम तापमान 48.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौतपा आम आदमी के लिए भी 25 मई से अलर्ट है। आम दिनों में भी जब तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक हो तो बाहर निकलने से पहले गर्मी से बचने का पूरा इंतजाम करना चाहिए। नौतपा के नौ दिनों में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। लू से बचने के लिए सभी इंतजाम करने के बाद ही बाहर निकलना चाहिए। किसानों के लिए भी मौसम विभाग अलर्ट जारी करता है। ज्योतिषाचार्यों का मानना है कि इस दौरान इंफेक्टेड बीमारियों में कमी आती है। इसका कारण है कि नौतपा में तापमान 45 डिग्री से ज्यादा होने से हवा में फैलने वाले वायरस तापमान के कारण खत्म हो जाते हैं।

वहीं एक पक्ष ये भी है कि चंद्रदेव रोहिणी नक्षत्र के मालिक हैं और मौसम में ठंडक के कारक भी है। ऐसे में जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में मूवमेंट करता है तो उसका भी इफेक्ट्स ले लेता है। ऐसे में ठंडक नहीं मिल पाती है। ज्योतिषाचार्य का कहना है कि जब से ज्योतिष गणना शुरू हुई है, तब से नौतपा का जिक्र हुआ है। तब भी लोग मानते थे कि साल में नौ दिन ऐसे आते हैं, जब बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है। तपन बढ़ने के कारण भारी परेशानी होती है। खासकर मैदानी इलाकों में लोगों के लिए जीना दूभर हो जाता है। ज्योतिषी का कहना है कि अगर किसी की कुंडली में सूर्य कमजोर है तो उसे नौतपा में विशेष उपचार करने चाहिए। ऐसे व्यक्ति को 25 मई से 2 जून तक लगातार सूर्य उपासना करनी चाहिए।

अवैध कट्टा सहित गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक को अवैध देसी कट्टा (12 बोर) के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस थाना अनूपगढ़ के एएसआई कालूराम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि आरोपी इमरान पुत्र रसूक खां वार्ड नंबर 34, अनूपगढ़ का रहने वाला है। एएसआई कालूराम की टीम ने चक 2 एलएसएम ढाणी के पास छापेमारी की। इस दौरान इमरान को अवैध देसी कट्टे और कार के साथ पकड़ा। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा था। पुलिस ने आरोपी से हथियार और वाहन जब्त कर लिए हैं।

इस कार्रवाई में एएसआई कालूराम के साथ कांस्टेबल नायब सिंह, श्रवण और सतनाम सिंह शामिल थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

वहीं अम्बेडकर सर्किल पर एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। करीब 70 वर्षीय व्यक्ति टक्कर के बाद सड़क पर अचेत हो गया। भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने को दी। हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर रैफर किया गया। हैड कांस्टेबल शेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौका मुआयना कर लिया है। अम्बेडकर चौक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

सार-समाचार

कृषि क्रियाओं की प्रगति पर चर्चा

कृषि मासिक तकनीकी कार्यशाला को खेमराज शर्मा संयुक्त निदेशक कृषि डब्लयूसी कृषि आयुक्तालय ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। कृषि अनुसंधान केन्द्र, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में कृषि अनुसंधान विस्तार संवर्ग की तकनीकी कार्यशाला का आयोजन अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार त्रिलोक कुमार जोशी व खेमराज शर्मा संयुक्त निदेशक कृषि डब्लयूयूसी, कृषि आयुक्तालय जयपुर के आतिथ्य व क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. एच. एल. देशवाल की अध्यक्षता में हुआ। मासिक तकनीकी कार्यशाला में खण्ड बीकानेर के कृषि, उद्यानिकी, आत्मा के वरिष्ठ अधिकारी गण व विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक गणों व केवीके प्रभारी समस्त ने भाग लिया। मासिक तकनीकी कार्यशाला में माह जून में की गई कृषि क्रियाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई। आगामी माह जुलाई में कृषकों द्वारा की जाने वाली कृषि व उद्यानिकी तकनीकी पर विस्तार से चर्चा की गई। माह मई-जून हीटवेव से विभिन्न फसलों व फलों के उत्पादन व गुणवत्ता पर क्या प्रभाव रहेगा। इस पर विस्तृत विश्लेषण किया जाना व व्यापक कार्ययोजना बनाकर अनुसंधान करना आने वाले समय की आवश्यकता है। आगामी खरीफ सीजन के मध्यनजर विभिन्न फसलों की पैकेज ऑफ प्रेक्टिसेज पर विस्तार से चर्चा की गई। इस परिचर्चा में कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेन्द्र राठौड़, डॉ एस. पी. सिंह, डॉ हनुमान देशवाल, डॉ बी. डी. एस. नाथावत, डॉ अमर सिंह गोदारा व विभागीय अधिकारी संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी, उप निदेशक जयदीप दोगने, सहायक निदेशक मुकेश गहलोत, मीनाक्षी शर्मा, राजेश गोदारा, सुरेन्द्र मारू, प्रेमाराम, राजूराम डोगीवाल, सुभाष बिश्नोई, भैराराम गोदारा, प्रदीप चौधरी, कृषि अधिकारी विजय कुमार, जोधराज, ममता, कविता, मामराज, सोमेश तंवर इत्यादि ने भाग लिया।

होनहारों का किया सम्मान

रा. उ. मा. वि. सुजानदेसर में बोर्ड परीक्षा 12 वीं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर बीकानेर में 26 मई को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 12वीं कला संकाय में शानदार प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन शिक्षकगण और समाज सेवा शिविर के विद्यार्थी मौजूद थे। जिन्होंने इन होनहार छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन को सराहा। इस वर्ष कला संकाय के विद्यार्थियों में तनिशा देवडा और विनय मेघवाल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमित्रा राजपूत, बाल किशन, हेमलता गहलोत, हिमांशु अग्रवाल, प्रिया सोनी, निशा भार्गव, नैंसी गहलोत और ज्योत्सना मेघवाल ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। प्रिंसिपल अर्चना गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कला संकाय के छात्रों ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया है कि कला के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। सभी भविष्य के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। छात्रों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया और अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। यह स्वागत समारोह न केवल छात्रों के मनोबल को बढ़ाने वाला था बल्कि इसने अन्य विद्यार्थियों को भी कला संकाय में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पप्पूराम पंवार ने किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार जैन, प्रकाशचंद खत्री, महीराम डेलू आदि गणमान्य उपस्थित थे।

पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

श्रीगंगानगर, (कासं)। कर्तव्य हमारा प्रयास जनसेवा संस्था की ओर से पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मिर्जेवाला स्थित होमगार्ड सेंटर में पेड़ों पर पक्षियों के रहने के लिए घरोंदे तथा दाना-पानी के लिए परिंडे लगाकर पक्षियों के रहने व खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की गई। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। होमगार्ड सेंटर के जवानों ने घरोंदो, परिंडों तथा पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। संस्था सदस्यों की ओर से मिर्जेवाला स्थित गौशाला परिसर तथा पशु चिकित्सालय में भी पौधे लगाये गए तथा पक्षियों के लिए परिंडे स्थापित किए गए। इसके साथ-साथ श्रद्धाभाव से गौशाला में गौवंश को हरा चारा भी खिलाया गया। प्रचार मंत्री अजय खत्री ने बताया कि इन सेवा कार्यों में अरविन्द जैन, लोकेश बंसल, केशव बंसल, अंकित बंसल, लोकेश शर्मा, कृष्ण बंसल, अभिषेक घोड़ेला, रवि नायर, अनिल अस्थाना, पृथ्वी राज, विष्णु बिश्नोई, हरीश टाक, आशीष लीला, रजनीश अरोड़ा, अजय गर्ग, अंकित देवसरिया, आरव गर्ग तथा वंशराज का सहयोग रहा।

नशा बेचने वालों से मिल रही धमकी

अनूपगढ़, (कासं)। वार्ड नंबर 35 में नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस मामले में पुलिस थाने पहुंचकर एसएचओ ईश्वर जांगिड़ को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने बताया कि नशा बेचने वालों की शिकायत करने पर उन्हें धमकियां मिल रही हैं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी अब शिकायतकर्ताओं को धमका रहे हैं। वार्डवासियों ने 22 मई को एसडीएम सुरेश राव को भी इस समस्या से अवगत कराया था। नशे की गंभीर समस्या का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 23 मई को एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वार्डवासियों ने नशे के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस त्वरित जांच कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने लोगों से निडर होकर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। वार्डवासी चाहते हैं कि नशे के कारोबार पर पूर्ण रोक लगे, जिससे युवाओं का भविष्य सुरक्षित रह सके।

भाखड़ा नहर में छोड़ा पानी 1200 क्यूसेक पानी

श्रीगंगानगर,(कासं)। हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर परियोजना में पानी की आवक बढ़ गई है। बैराज से 8100 क्यूसेक पानी मिलना शुरू हो गया है। इसमें से 1200 क्यूसेक पानी लोहगढ़ हैड से भाखड़ा प्रणाली में छोड़ा गया। भाखड़ा में सिंचाई पानी का रेगुलेशन घोषित कर दिया गया है। अब किसानों को हर सप्ताह के अंतराल पर पानी मिलेगा।

आईजीएनपी में पेयजल भंडारण अब पूरा किया जा रहा है। 12 जिलों के करीब 2 करोड़ लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल स्टोरेज के बाद ही सिंचाई पानी का वरीयता क्रम तय होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अंतिम छोर तक पेयजल पहुंचने के बाद ही सिंचाई पानी का रेगुलेशन घोषित किया जायेगा। प्रथम चरण की नहरों में क्षमता से कम पानी चलाकर भंडारण किया जा रहा है।

> ■ किसानों को राहत, नरमा की बिजाई कर सकेंगे, जून में सिंचाई पानी का निर्धारण 30 को

एनडीआर में 200 क्यूसेक, रावतसर जांच में 300, सूरतगढ़ जांच में 850, नोरावरपुरा में 20, खेतेनाली वितरिका में 5, साहया लिफ्ट में 80, अनूपगढ़ रखा में 1200 और कंवरसेन लिफ्ट में 250 क्यूसेक पानी चलाया गया।

भाखड़ा प्रणाली में सिंचाई पानी की आपूर्ति शुरू हो गई है। इससे किसान नरमा की बिजाई कर सकेंगे। नरमा की बिजाई का उपयुक्त समय 30 मई तक माना जाता है। किसान जून के पहले पखवाड़े तक भी बिजाई करते हैं। अगर जून के पहले सप्ताह में ही सिंचाई पानी मिल गया तो बिजाई संभव हो सकेगी। वहीं नरमे की पहले बिजाई हो चुकी है। इसके लिए यह पानी अब वरदान साबित होगा।

आईजीएनपी के लिए 21 से 31 मई तक 7750 क्यूसेक पानी तय किया गया है। हरिके बैराज से 8100 क्यूसेक पानी मिल रहा था। इसमें से 1200 क्यूसेक भाखड़ा प्रणाली को दिया जा रहा है। शेष पानी रेगुलेशन के लिहाज से कम है। इसलिए विभाग अंतिम छोर तक नहरों में पानी चलाकर पेयजल भंडारण करवा रहा है। भंडारण पूरा होने के बाद सिंचाई पानी का रेगुलेशन घोषित किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 7750 क्यूसेक पानी से प्रथम चरण की तीन में से एक ग्रुप की नहरें चलाई जा सकती हैं। 30 मई को भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की तकनीकी समिति की बैठक होगी। इसमें जून माह के लिए पानी का निर्धारण किया जायेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि आज

बीकानेर, (कासं)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की 61 वी पुण्यतिथि पर बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 27 मई को सुबह 10 बजे जवाहर पार्क स्थित प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. बी. डी. कल्ला और वरिष्ठ नेतागणों के सानिध्य और यशपाल गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बीकानेर शहर कांग्रेस के अंतर्गत आने वाले प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, लोकसभा प्रत्याशी, विधायक/विधायक प्रत्याशी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष, जिला कांग्रेस पदाधिकारी पार्षद व पार्षद प्रत्याशी, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, यूथ कांग्रेस एनएसयूआई इंटक, मंडल अध्यक्ष, विभाग, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहभागिता निभायेंगे।

पेयजल आपूर्ति के लिए वाटर वर्क्स का घेराव

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के बींझबायला क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। जिसके कारण 39 एलएनपी कॉलोनी और बालाजी कॉलोनी के लोग 15 दिन से पानी की किल्लत झेल रहे हैं। जिसको लेकर सोमवार को सैकड़ों नागरिकों ने जलदाय विभाग के वाटर वर्क्स का घेराव किया।

लोगों ने बताया कि कई-कई दिन पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद रहती है। मजबूरी में निजी कैंटर से महंगे दामों पर पानी मंगवाना पड़ रहा है। इससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर भेदभाव का आरोप लगाया और कहा कि कुछ इलाकों में रोजाना पानी दिया जा रहा है। जबकि कई मोहल्लों को बार-बार नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

> ■ बींझबायला क्षेत्र में पेयजल संकट , 15 दिन से पानी की किल्लत

लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग की है कि नियमित जलापूर्ति बहाल की जाए। देवीलाल मुखराम चेतराम, श्योलाल, हरिओम, जगदीश, अमर सिंह, संदीप सोनी, पूर्व सरपंच मनीराम नायक, सुरेन्द्र सेतिया, मेहन्द्र सोनी, संदीप कुमार, मलकीत सिंह, सुरेश कुमार सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वाटर वर्क्स पर तालाबंदी कर आंदोलन किया जायेगा। जलदाय विभाग के एईएन अमरजीत सिंह ने बताया कि नहरबंदी के कारण पेयजल की आंशिक कटौती की जा रही थी। अब नहरबंदी खत्म हो गई है।

बीकानेर में गर्मी से बुजुर्ग मजदूर की मौत

बीकानेर,(कासं)। रणजीतपुरा में मजदूरी के लिए आए एक बुजुर्ग की गर्मी से मौत हो गई। शव मिलने के बाद शिनाख्त की गई तो पहचान हनुमानगढ़ के 72 साल के बुजुर्ग के रूप में हुई। मृतक के भतीजे ने पुलिस को दी रिपोर्ट में कहा कि तेज गर्मी और प्यास से मौत हुई है।

हनुमानगढ़ के संगरिया निवासी संजय कुमार जाट ने रणजीतपुरा पुलिस को रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता सरजीत राम पुत्र गंगाजल संगरिया से बीकानेर के लिए रवाना हुए थे। वे बीकानेर के रणजीतपुरा थाना क्षेत्र में बरसलपुर में मजदूरी के लिए गए थे। एक खेत में किसानी का काम करते थे। 21 मई को पिता संगरिया से बरसलपुर के लिए

> ■ हनुमानगढ़ से रणजीतपुरा में मजदूरी के लिए गया था बुजुर्ग

रवाना हुए थे। यहां बरसलपुर में तेज गर्मी और प्यास के चलते उनकी तबीयत बिगड़ गई और पहले से बीमार चल रहे पिता की मौत हो गई।

मृतक के भतीजे का कहना है कि मृत्यु पर किसी का शक नहीं है। शव मिलने पर रणजीतपुरा थाने के हैड कांस्टेबल कैलाश दान ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। मर्ग दर्ज करके छानबीन की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

नोखा में हाईटेंशन लाइन का तार टूटा

नोखा, (कासं)। नोखा क्षेत्र में कल रात 9 बजे पांचू की ओर जाने वाली हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। इस घटना से क्षेत्र की सैकड़ों ढाणियों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।

तार टूटने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को इस बारे में अवगत कराया। रोड़ा से पांचू की तरफ जाने वाले खेतों में टूटे तार से हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी है।

जीएसएस पर कार्यरत कर्मचारियों को सूचना देने के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई है। रोड़ा, केशुपुरा और कुदसू क्षेत्र से जुड़ी ढाणियों में बिजली न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नई धानमंडी में अतिक्रमण व चोरी से व्यापारी परेशान

श्रीगंगानगर,(कासं)। नई धानमंडी में इन दिनों अतिक्रमण से व्यापारी वर्ग परेशान है। व्यापारियों ने मंडी समिति प्रबंधन पर इस मामले में कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। मंडी में कृषि जिंसों के अवशेष खरीदने वाले मंडी में जगह-जगह बैठे हैं तथा यहीं पर फसल अवशेष की सफाई कर बेच रहे हैं। व्यापारियों ने इन लोगों को मंडी से बाहर करने का आरोप लगाया है।

नई धानमंडी के थर्ड ब्लॉक में दीवार के साथ-साथ फसल अवशेष खरीदने वाले ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। यहां सड़क पर ही फसल अवशेष के थैले भरकर रखे हुए हैं तथा यहीं पर इसकी झराई व सफाई करता है। इससे धूल भी उड़ती है। अतिक्रमण

> ■ मंडी प्रबंधन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

के चलते इस सड़क से आवाजाही ठप है। मंडी के व्यापारियों ने बताया कि कृषि जिंसों के अवशेष खरीदकर ये लोग इनकी सफाई करते हैं। इसके बाद मंडी में ही बेच देते हैं। मंडी में इस प्रकार के कारोबार का कोई प्रावधान नहीं है।

पहले ये लोग मंडी परिसर से बाहर काम करते थे, लेकिन अब मंडी प्रबंधन अधिकारियों की मिलीभगत से मंडी में ही कृषि जिंस अवशेष की खरीद-फरोख्त का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं। मंडी में आये दिन चोरियां होती हैं। व्यापारियों की दुकानों के आगे पिड़ों व कवर शेडों के नीचे रखे कृषि जिंसों के थैले गायब हो जाते हैं। जबकि मंडी के गेटों पर सुरक्षा गार्ड है तथा कैमरे भी लगे हैं। फसल अवशेष खरीदने वाले इन लोगों को मंडी परिसर से बाहर किया जाना चाहिए।

राधेश्याम मित्तल, अध्यक्ष, कच्चा आढ़तिया संघ, नई धानमंडी, श्रीगंगानगर का कहना है कि फसल अवशेष खरीदने वालों को मंडी परिसर से बाहर निकालने के संबंध में मंडी सचिव को कई बार मौखिक तौर पर कहा गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार को मंडी प्रबंधन को लिखित में शिकायत दर्ज करवाई जायेगी।

हमालों और पल्लेदारों का रजिस्ट्रेशन कर योजनाओं का लाभ दिलाएं : सोहनलाल

बीकानेर, (कासं)। विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला परिषद सीईओ सोहनलाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

कृषि विपणन विभाग की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि लम्बे समय से बीकानेर कृषि उपज मंडी में हमालों और पल्लेदारों की रजिस्ट्रेशन संख्या 932 ही चल रही है। हो सकता है इनमें से बहुत से काम ही नहीं कर रहे हों। मंडी में नए जुड़े हमालों और पल्लेदारों का रजिस्ट्रेशन करें ताकि कृषि विपणन विभाग की महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के अंतर्गत विवाह सहायता, प्रसूति सहायता, चिकित्सा सहायता, मेधावी छात्र सहायता इत्यादि का लाभ इन्हें मिल सके। रसद विभाग की समीक्षा करते हुए सीईओ ने कहा कि पिछले एक साल में खाद्य सुरक्षा पोर्टल में नाम

बीकानेर कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक को जिला परिषद सीईओ सोहनलाल ने संबोधित किया।

जुड़वाने को लेकर जितनी भी परिवेदनाएं विभाग को प्राप्त हुई है। उनका नाम खाद्य सुरक्षा पोर्टल में जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। सभी एसडीएम अगले पंद्रह दिनों में खाद्य सुरक्षा पोर्टल में नाम जोड़ने के कार्य में प्रगति लाएं। बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ कैलाश चौधरी ने बताया कि कृषि विभाग,

> ■ समीक्षा बैठक में खाद्य सुरक्षा पोर्टल में नए नाम जोड़ने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए

उद्यान विभाग और कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जायेगा। जिसमें कृषि की उन्नत और नई तकनीकों के बारे में किसानों को बताया जायेगा। इसमें दो टीमें केवीके बीकानेर और दो टीमें केवीके लूणकरनसर की करीब 180 गांवों में जायेंगी। सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला परिषद ने कहा कि जिले की 47 भूमि विहीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के लिए भूमि आवंटित कराने को लेकर संबंधित विकास अधिकारी से संपर्क कर यह कार्य यथाशीघ्र करवाएं।

शहीद करतार सिंह की मूर्ति का अनावरण

गजसिंहपुर, (कासं)। समीपवर्ती गांव दूदा मौड़ 36 बीबी में करतार सिंह सराभा की मूर्ति का अनावरण किया गया और गदरी बाबाओं के नाम से खेल मेले का आयोजन किया गया।

करतार सिंह सराभा की मूर्ति का अनावरण कामरेड तारा सिंह सिद्धू ने किया। इस अवसर पर तारा सिंह सिधु ने गदर इतिहास को याद करते हुए कहा कि आजादी आंदोलन में गदरियो की कुर्बानियों को भुलाया नहीं जा सकता। वो गदरी ही थे जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। उन्हें पूजने की बजाय हमें उनसे प्रेरणा लेकर वैसा उदाहरण बनना चाहिए। युवाओं को ज्यादा शिक्षित होने की जरूरत पर बल दिया। पूरे आयोजन के मुख्य अतिथि मनिंदर सिंह मान रहे। खेलों का उद्घाटन गुरू चरण सिंह मौड़ ने किया। इस मौके पर आसपास के गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। क्षेत्र के व्यक्तियों ने इस मौके पर उपस्थित होकर अपनी हाजरी लगाई।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2025/687 **विज्ञप्ति** दिनांक : 26.5.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 15 के भूखण्ड संख्या एसबी-01 क्षेत्रफल 25'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 28199 दिनांक 16.04.2025 एवं चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 49 के किला नं. 15 के भूखण्ड संख्या ए-06 क्षेत्रफल 25'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 28200 दिनांक 16.04.2025 द्वारा श्री मुकेश कुमार वर्मा पुत्र श्री मनीराम के नाम से जारी है। उक्त दोनों भूखण्डों का उपविभाजन/पुनर्गठन करते हुये नवीन भूखण्ड माप 25 गुणा 80 फीट (पूर्वी हिस्सा) एवं 25 गुणा 20 फीट (पश्